पंचदश बिहार विधान सभा

त्रयोदश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-01 शुक्रवार, दिनांक- 23 मई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 12.30 बजे अप० तक ।

[1] **माननीय अध्यक्ष का प्रारम्भिक सम्बोधन** :-

यथा संलग्न ।

[2] **शपथ या प्रतिज्ञान ग्रहण** :-

निम्नांकित मा० सदस्यों ने बिहार विधान सभा सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण किया :-

(i) श्री लक्ष्मी नारायण प्रसाद यादव, क्षेत्र सं०-20, चिरैया
(ii) श्री मुजाहिद आलम, क्षेत्र सं०-55, कोचाधामन
(iii) श्री अब्दुस सुबहान, क्षेत्र सं०-57, बायसी
(iv) श्री कुमार देव रंजन सिंह, क्षेत्र सं०-112, महाराजगंज
(v) श्री श्रीनारायण यादव, क्षेत्र सं०-145, साहेबपुर कमाल

[3] **अध्यक्षीय घोषणाएँ** :-

(i) आसन से घोषणा की गई कि बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-2 के तहत् श्री जीतन राम मांझी, मा० मुख्यमंत्री को सदन नेता के रूप में मान्यता प्रदान की जाती है ।

(ii) पंचदश बिहार विधान सभा के निम्नांकित मा० सदस्यों ने सदन से अपने स्थान का त्याग किया :

(A) श्री छेदी पासवान, क्षेत्र सं०-204, मोहनिया
(B) श्री अवनीश कुमार सिंह, क्षेत्र सं०-20, चिरैया
(C) श्री संतोष कुमार, क्षेत्र सं०-57, बायसी
(D) श्री अखतरूल ईमान, क्षेत्र सं०-55, कोचाधामन
(E) श्री राम लषण राम 'रमण', क्षेत्र सं०-37, राजनगर
(F) श्री सम्राट चौधरी उर्फ राकेश कुमार, क्षेत्र सं०-151, परबत्ता
(G) श्री जावेद इकबाल अंसारी, क्षेत्र सं०-161, बांका
(H) श्री विजय कुमार मिश्र, क्षेत्र सं०-87, जाले
(I) श्री राणा गंगेश्वर सिंह, क्षेत्र सं०-137, मोहिउद्दीन नगर

(iii) मा० उच्च न्यायालय, पटना में दायर निर्वाचन अर्जी सं०-04/11 (प्रमोद सिंह चन्द्रवंशी बनाम सोमप्रकाश सिंह) में मा० उच्च न्यायालय द्वारा दिनांक 25.04.2014 को दिये गये न्याय निर्णय के अनुसरण में औरंगाबाद जिला के निर्वाचन क्षेत्र सं०-220, ओबरा से पंचदश बिहार विधान सभा के लिए निर्वाचित सदस्य श्री सोमप्रकाश सिंह का निर्वाचन दिनांक 25.04.2014 को रद्द हो जाने के फलस्वरूप ओबरा निर्वाचन क्षेत्र सं०-220, दिनांक-25.04.2014 से रिक्त हो गया ।

(iv) श्री जाकिर हुसैन खान क्षेत्र सं०-49, अररिया के द्वारा जनता दल यूनाईटेड में विलय किए जाने के अनुरोध पर भारत के संविधान की 10वीं अनुसूची के पारा-4 के अधीन जनता दल यूनाईटेड में विलय की मान्यता प्रदान कर दी गई है । अब श्री जाकिर हुसैन खान, स०वि०स० जनता दल यूनाईटेड के सदस्य हैं ।

[4] <u>वर्त्तमान मंत्रिपरिषद् में विश्वास का प्रस्ताव</u> :-

मा० मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी द्वारा प्रस्ताव किया गया कि ''यह सभा वर्तमान मंत्रिपरिषद् में विश्वास व्यक्त करती है ।''

प्रस्ताव में निम्नांकित मा० सदस्यों ने अपना पक्ष रखा :-

(i) श्री नन्दकिशोर यादव, नेता विरोधी दल

(ii) श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स०

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

[02.00 बजे अप० से 3.40 बजे अप० तक]

(ii) श्री मंजीत कुमार सिंह, स०वि०स० (भोजनावकाश के पहले से जारी)

(iii) श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी, स०वि०स०

(iv) श्री सदानन्द सिंह, स०वि०स०

(v) श्री अवधेश कुमार राय, स०वि०स०

(vi) श्रीमती ज्योति रश्मि, स०वि०स०

(vii) श्री पवन कुमार जायसवाल, स०वि०स०

(viii) श्री दिलीप वर्मा, स०वि०स०

मा० मुख्यमंत्री श्री जीतन राम मांझी द्वारा सरकार की ओर से विश्वासमत के प्रस्ताव पर उत्तर दिया गया ।

(सरकार के उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के सभी मा० सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।)

(आसन द्वारा सरकार के उत्तर की समाप्ति तक सदन की सहमति से सदन की अवधि का विस्तार किया गया ।)

विश्वासमत का निम्न प्रस्ताव सर्वसम्मति से सदन द्वारा स्वीकृत हुआ ।

''यह सदन वर्त्तमान सरकार में विश्वास व्यक्त करती है ।''

तत्पश्चात् सभा की बैठक अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-23.05.2014

फूल झा

प्रभारी सचिव,

बिहार विधान सभा, पटना ।